

# पिछोर विधायक के बयान पर बवाल : प्रदर्शन, ज्ञापन और कानूनी कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 29 जनवरी।** पिछोर विधानसभा से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी के एक कथित आपत्तिजनक बयान को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने विधायक फूल सिंह बरैया और पूर्व मंत्री केपी सिंह कक्काजू के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, जिससे विभिन्न समाजों में आक्रोश फैल गया।

गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पहले माधव चौक पर एकत्र हुए, जहां से रैली निकालते हुए नारेबाजी के बीच पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और घेराव किया। वहां उन्होंने विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विधायक फूल सिंह बरैया ने महिलाओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार के विरोध में बयान दिया था, जिसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इसी संदर्भ को आधार बनाकर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने सत्ता के प्रभाव में अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदर्शन के दौरान दयालु जाटव ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ किसी भी प्रकार की अभद्र भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पुलिस ने स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखा और ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया।

# वीबी-जी-रामजी योजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर क्रांतिकारी पहल

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 29 जनवरी।** विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबी-जी-रामजी योजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय शिवपुरी में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में योजना की रूपरेखा, उद्देश्य एवं लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में बताया गया कि वीबी-जी-रामजी योजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के साथ संयोजित एक नई संविधिक संरचना है, जो मनरेगा का स्थान लेगी। यह योजना रोजगार गारंटी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत श्रमिकों को हर सप्ताह मजदूरी मिलेगी तथा 15 दिनों के भीतर भुगतान अनिवार्य होगा। योजना में 125 दिनों का गारंटीशुदा वैतनिक रोजगार दिया जाएगा। विकसित ग्राम पंचायत योजना के तहत स्थानीय स्तर पर प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। इस योजना में केंद्र सरकार 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार 40 प्रतिशत बजट वहन करेगी। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार 60 कार्य दिवस निर्धारित करेगी।

जिला पंचायत शिवपुरी की अध्यक्ष नेहा यादव ने जानकारी देते हुए

**भाजपा जिला कार्यालय पर वीबी-जी-रामजी व केंद्रीय बजट को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न**

बताया कि यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के स्थान पर लाई जा रही है, जिसमें नए जी-रामजी कानून के तहत एक सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान अनिवार्य होगा। पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक ने योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में शिवपुरी जिला विकास




के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जिले में अनेक विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सिंधिया राजवंश के गौरवशाली इतिहास एवं विकास गाथा पर आधारित पुस्तक विचार सुगंध का विमोचन भी किया गया। पुस्तक के संपादक आसुतोष शर्मा ने सिंधिया राजवंश के इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी। मंचासीन अतिथियों द्वारा पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया।

केंद्रीय बजट के प्रचार-प्रसार को लेकर आयोजित कार्यशाला में जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने बताया कि एक फरवरी को प्रस्तुत होने वाले केंद्रीय बजट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला महामंत्री योगेंद्र रघुवंशी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। बजट के प्रचार हेतु जिलेभर में मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, प्रेस कॉन्फ्रेंस होंगी तथा बजट को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यशाला के समापन अवसर पर आभार व्यक्त जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री के. पी. परमार ने किया। प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जसमंत जाटव, ओमप्रकाश खटीक, माखनलाल राठौर, सुरेश राठखेड़ा (पूर्व राज्यमंत्री), प्रहलाद भारती, केशवसिंह तोमर (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य), हरवीर रघुवंशी, राकेश गुप्ता (सांसद प्रतिनिधि), हरिओम राठौर, नवाव सिंह कुशवाह, पूनम राजौरिया, हेमलता रावत, पवन लोधी, सालिगराम कुशवाह, लवलेश जैन (चीनू), योगेंद्र रघुवंशी, के. पी. परमार, विपुल जैमिनी, कृष्णा कुशवाह, गिर्राज शर्मा, पुष्पेंद्र जाटव (जनपद अध्यक्ष), सीमा शिवहरे (महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष), नीरज तोमर, अवतार सिंह गुर्जर, डॉ. रश्मि गुप्ता, कृष्णबिहारी गुप्ता, दीपा बंसल, कपिल तिवारी (जिला कोषाध्यक्ष), हरिशंकर दुबे (कार्यालय मंत्री), सोनू राजावत (सह-कार्यालय मंत्री), मुकेश जैन (जिला मीडिया प्रभारी), वेदांश सविता, सुनील भार्गव, विक्की मंगल, लक्ष्मी जाटव, सोनू कुशवाह, विपिन शर्मा, मुन्नालाल कुशवाह सहित सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरोग्य भारती देशभर में लोक स्वास्थ्य के लिए कार्यरत : वार्ष्णेय

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 29 जनवरी।** स्वस्थ रहने के लिए बड़े बड़े उपक्रम की आवश्यकता नहीं हैं,स्वस्थ रहने के लिए मनोबल मजबूत होना चाहिए यह भी स्वस्थ रहने के लिए एक पहलू हैं। विज्ञान और तकनीक के युग में व्यक्ति की सुख सुविधाएं बढना और उनका उपयोग होना एक सिमित समय तक ठीक है,परंतु अति उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

हमारी प्रकृति आधारित दिनचर्या होनी चाहिए,अगर हम उसका पालन नियमित रूप से करते हैं तो ये हमें आरोग्य बनाने में बहुत सहायक होती हैं। ये वक्तव्य आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक कुमार वार्ष्णेय ने आरोग्य भारती जिला शिवपुरी के द्वारा बुधवार को श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय में आरोग्य




मंथन पर एक विशेष कार्यक्रम में कहे। उन्होंने कहा कि हमें मौसम ऋतु अनुसार स्थान के हिसाब स्थानीय खाद्य पदार्थ का सेवन करना चाहिए। बताया कि आरोग्य भारती समूचे देश में लोक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं इसके 901 जिलों में कार्यकर्ता हर स्तर पर कार्य कर रहे हैं। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के संगठन मंत्री अशोक कुमार वार्ष्णेय,मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल,विशिष्ट अतिथि आरोग्य भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा, जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी,प्रांत संगठन मंत्री मुकेश दीक्षित, प्रांत सह सचिव जेपी शर्मा,मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ डी परमहंस,विभाग संरक्षक आलोक एम इंदौरिया,जिला संरक्षक डॉ पीके करें, जिला अध्यक्ष डॉ गिरीश दुबे, सहित नगर अध्यक्ष रवि गोयल द्वारा भगवान धन्वंतरि और भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण व प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ आशुतोष चौरषि ने दिया। इसी अवसर पर कॉलेज के छात्र शिवम शर्मा द्वारा मंच से भगवान धन्वंतरि के मंत्र का वाचन किया गया। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के विभाग संरक्षक आलोक एम इंदौरिया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया उन्होंने कहा कि हमें लगभग 1-2 वर्ष हुए हैं और आरोग्य भारती ने तथागत फाउंडेशन के साथ मिलकर तीन बड़े शिविरों का आयोजन किया हैं जिसमें विगत कुछ दिनों शिवपुरी से दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र खतौरा में वृहद नि:शुल्क कैंसर परीक्षण शिविर, शहर के गायत्री पार्क में ह्रदय रोग, ब्रेन व नसों से संबंधित रोग और सर्जरी से संबंधित शिविर भी लगाया इसके अतिरिक्त 18 बटालियन में जवानों के नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न हुआ। इसके अलावा गत दिनों हीं एक विशाल रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 20 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। श्री इंदौरिया ने बताया कि हम लगातार स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने कार्य अनवरत रूप जारी रखें हुए हैं अब आरोग्य भारती नशे के विरूद्ध भी जागरूकता अभियान चलाएगी। श्री इंदौरिया ने मंत्री जी से आग्रह किया कि वे आरोग्य भारती को स्थान उपलब्ध कराएं तों वह एक ओपीडी का भी संचालन कर सकें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी आरोग्य भारती का एक कार्यकर्ता हूं। कहा भारतीय प्राचीन चिकित्सीय परम्पराओं पर हमें गर्व होना चाहिए उन्होंने उस कालखंड में हमें एक उन्नत आयुर्वेद उपचार चिकित्सा पद्धति सौंपी जो आज भी हमारे लिए बहुत ही कारगर साबित हो रही हैं। जन स्वास्थ्य के प्रति मेरा भी दायित्व है की कैसे हम और हमारा परिवार आरोग्य बने और वर्तमान में हो रही अनेक बीमारियों से कैसे बचाव करें।

# 200 लीटर कच्ची शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 29 जनवरी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बैराड़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में बैराड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक कच्ची शराब से भरे कैनों के साथ गोंदोलीपुरा से टोरियापुरा जाने वाले कच्चे रास्ते पर किसी वाहन का इंतजार कर



रहा है।

सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां मुखबिर के बताए हुलिए का युवक मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय बेडिया उम्र 26 वर्ष निवासी टोरियापुरा, थाना बैराड़ बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 6 प्लास्टिक कैनों में भरी 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश शर्मा, उपनिरीक्षक सोबरन सिंह, सत्येंद्र भदौरिया, हरिओम पांडे, प्रधान आरक्षक इकबाल, दुर्गाचरण, आरक्षक अतर सिंह, शोभाराम, ज्ञान सिंह, अखलेश, संदीप राठौर, रविंद्र धाकड़, महिला आरक्षक वैशाली श्रीवास्तव, हरिशंकर निगम, आरक्षक लोकेन्द्र सेंगर एवं चालक मनीष परिहार की विशेष भूमिका रही।

# वार्ड 1 में बदहाल सड़कें, गड्ढों में तब्दील रास्ते, नालियों का पानी सड़कों पर पार्षद की चुप्पी पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**कोलारस 29 जनवरी।** कोलारस नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। क्षेत्र की मुख्य और आंतरिक सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे आम नागरिकों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पार्षद और नगर परिषद का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। गड्ढों में पानी भर जाने से आए दिन दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले जनप्रतिनिधि अब क्षेत्र की समस्याओं से आंखें मूंदे बैठे हैं।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क मरम्मत और नालियों की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब सवाल यह है कि क्या नगर परिषद और वार्ड के पार्षद इस बदहाली पर संज्ञान लेंगे या वार्ड क्रमांक 1 की जनता यूं ही परेशान होती रहेगी।

# पोहरी में आज सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप, 10वीं पास युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

नवभारत न्यूज

**पोहरी 29 जनवरी।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड, नीमच द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं के लिए सुरक्षा सैनिक पदों पर भर्ती कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह भर्ती कैंप 30 जनवरी को जनपद पंचायत पोहरी में आयोजित होगा।

जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती शिविरों की श्रृंखला के तहत 30 जनवरी को पोहरी, 2 फरवरी को नरवर, 3 फरवरी को पिछोर, 4 फरवरी को करैरा, 5 फरवरी को खनियाधाना एवं 6 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी में भर्ती कैंप लगाए जाएंगे। सभी शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे।

भर्ती में चयनित युवाओं को नीमच में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद 65 वर्ष तक स्थायी नौकरी प्रदान की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की



तैनाती दिल्ली, ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, धार, खजुराहो, अयोध्या, सांची, आगरा सहित प्रमुख औद्योगिक एवं धार्मिक स्थलों, बैंकों एवं संस्थानों में की जाएगी। वेतन 14 हजार से 22 हजार रुपये प्रतिमाह रहेगा।

सुविधाओं में पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, इंश्योरेंस सहित दो बच्चों की पढ़ाई देहरादून के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल में कराने की सुविधा भी शामिल है। भर्ती के लिए योग्यता 10वीं पास, आयु 19 से 40 वर्ष एवं न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं की अंकसूची की फोटोकॉपी, दो फोटो लेकर शिविर में उपस्थित हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क (प्रॉस्पेक्टस फॉर्म) जमा करना होगा।

# पोहरी में अतिक्रमण पर प्रशासन का बुल्डोजर, एक दर्जन से अधिक कब्जे हटाए

नवभारत न्यूज

**पोहरी 29 जनवरी।** शिवपुरी-श्योपुर रोड पर चल रहे नवीन सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। पोहरी में एक दर्जन से अधिक अतिक्रमकारियों के आगे से अवैध कब्जा हटाया गया।

यह कार्रवाई एसडीएम अनुपम शर्मा के नेतृत्व में की गई। मौके पर नायब तहसीलदार निशा भारद्वाज, नायब तहसीलदार लज्जाराम राजोरिया, नायब तहसीलदार सुनील यादव, आरआई, पटवारी,






थाना प्रभारी नरेंद्र कुशवाह, एसडीओपी आनंद राय सहित नगर परिषद के आरआई वीरू वर्मा एवं नगर परिषद का अमला मौजूद रहा। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि आज सुबह से शेष बचे अतिक्रमकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी, और अवैध कब्जों को पूरी तरह हटाकर निर्माण कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

# राष्ट्रीय ध्वज से खिलवाड़! पोहरी के छर्च संकुल में नियमों की खुलेआम धज्जियां

**पोहरी 29 जनवरी।** शिवपुरी जिले के पोहरी विकासखंड अंतर्गत छर्च संकुल में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ गंभीर खिलवाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 25 जनवरी की रात को ही नियमों को ताक पर रखकर राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया गया, जबकि ध्वजारोहण का निर्धारित दिन 26 जनवरी है।

जैसे ही झंडे की तस्वीरें सोशल मीडिया ग्रुपों में वायरल हुई, वैसे ही जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया। मामले को दबाने के लिए आनन-फानन में झंडा उतार दिया गया और सबूत मिटाने के इरादे से फोटो-वीडियो तक डिलीट कर दिए गए।यह पूरा घटनाक्रम राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की श्रेणी में आता है। मामले पर पोहरी एसडीएम अनुपम शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि यह गंभीर मामला है और इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीईओ पोहरी अवधेश तोमर ने स्वीकार किया कि मामला उनके संज्ञान में



आया है। संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि राष्ट्रीय ध्वज जैसे संवेदनशील विषय पर इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हुई? और सबूत मिटाने की कोशिश किसके इशारे पर की गई? अब देखना होगा कि जांच सिर्फ कागज़ों तक सीमित रहती है या फिर दोषियों पर वास्तविक कार्रवाई भी होती है।

# युवा संगम में 281 युवाओं का चयन, 1.74 करोड़ का हितलाभ वितरण

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 29 जनवरी।** युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से आयोजित युवा संगम कार्यक्रम गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय कोलारस परिसर में उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, विकास एवं रोजगार विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ।

जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों ने भाग लिया। कुल 418 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 281 युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें अतिथियों की उपस्थिति में




ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया गया। विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत 504 हितग्राहियों को 1 करोड़ 74 लाख रुपये से अधिक की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। युवा संगम में उपस्थित युवाओं को वित्तीय साक्षरता, नशा मुक्ति, और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य राजीव दुबे, उद्योग केंद्र प्रबंधक अजय तिवारी, लीड बैंक ऑफिसर के.के. सिंह, आईटीआई प्राचार्य डॉ. संदीप चौरसिया, महाविद्यालय एवं आईटीआई स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और युवा उपस्थित रहे।

# मिलेट्स अपनाने का संदेश : जिले के कृषकों को बताए गए 'श्री अन्न' के लाभ





नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 29 जनवरी।** मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत 28 एवं 29 जनवरी को कृषक प्रशिक्षण भवन, कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, शिवपुरी में दो दिवसीय कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी विकासखंडों से आए कृषकों ने भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को 'श्री अन्न' (मिलेट्स) फसलों—कोदो, कुटकी, सांवा, किनोवा, कंगनी, बाजरा एवं रागी—के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मिलेट्स फसलों के प्रमाणित बीजों की उपलब्धता, उनकी खेती की उन्नत उत्पादन तकनीकें एवं कम लागत में अधिक लाभ की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया। उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पारंपरिक फसलों के साथ-साथ अपने कुछ क्षेत्र में मिलेट्स फसलों का उत्पादन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि मिलेट्स फसलें न केवल कम पानी में बेहतर उत्पादन देती हैं, बल्कि पोषण की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी हैं। दैनिक आहार में इनके उपयोग से स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पुनीत राठौर, डॉ. मुकेश भार्गव, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ. विजय कुशवाह तथा कृषि विभाग की सहायक संचालक कृषि डॉ. किरण रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।